OFFICE OF THE ELECTION OFFICER (2025-27)

UMED CLUB

UMED CLUB SINCE 1922

Old Public Park, Near Gaushala Ground, Jodhpur 342006 (Rajasthan)

क्रमांक: उम्मेदक्लब/निर्वा/2025-27/42 दिनांक :26.02.2025

::: निर्वाचन सूचना :::

उम्मेद क्लब, जोधपुर के सभी सम्मानित सदस्यों को सूचित किया जाता है कि उम्मेद क्लब की प्रबन्ध कार्यकारिणी समिति की बैठक दिनांक 10.02.2025. में लिये गये निर्णय के अनुसार अधोहस्ताक्षरकर्त्ता को उम्मेद क्लब, जोधपुर के वर्ष 2025-2027 (1 अप्रेल 2025 से 31 मार्च 2027) हेतु प्रबन्ध कार्यकारिणी के निम्न पदो के चुनाव हेतु निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है-

1. अध्यक्ष (एक) 2. प्रथम उपाध्यक्ष (एक) 3. द्वितीय उपाध्यक्ष (एक)
4. मानद् सचिव (एक) 5. कोषाध्यक्ष (एक) 6. प्रबन्ध कार्यकारिणी सदस्य (कुल दस)

अत: मैं अजय कुमार व्यास, निर्वाचन अधिकारी, उम्मेद क्लब, जोधपुर के संविधान व उपनियमों के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उम्मेद क्लब, जोधपुर के वर्ष 2025-2027 हेतु पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव का कार्यक्रम निम्न अनुसार घोषित करता हूँ:-

क्र.सं.	विवरण	दिनांक	अंतिम समय
01	अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन	05.03.2025	रात्रि 11.00 बजे तक
02	नामांकन पत्र (Nomination Form) प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं प्राप्त नामांकन पत्रों (Nomination Forms) की सूची का प्रकाशन	15.03.2025	सांय 6.00 बजे तक प्राप्ति एवं तत्पश्चात् प्रकाशन।
03	नामांकन पत्रों (Nomination Forms) की जॉच तत्पश्चात् वैध नामांकन पत्रों (Nomination Forms) की सूची का प्रकाशन	17.03.2025	सांय 6.00 बजे तक
04	नाम वापसी	19.03.2025	सांय 6.00 बजे तक
05	चुनाव में भाग लेने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन	19.03.2025	रात्रि 11.00 बजे तक
06	मतदान (आवश्यक होने पर)	30.03.2025	प्रात: 9.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक
07	मतगणना	30.03.2025	सांय 6.00 बजे से या मतदान पूर्ण होने के पश्चात्।

निर्वाचन संबधी सूचनाएं एवं दिशा निर्देश :-

1 चुनाव संबधित समस्त कार्य उम्मेद क्लब, जोधपुर में ही संपादित होगें।

2 कार्यकारिणी समिति के निर्णयानुसार क्लब के सदस्य, क्लब में अपनी 31.01.2025 तक की बकाया राशि (Club Dues upto 31.01.2025) दिनांक 02.03.2025 तक जमा करवा दें अन्यथा उन्हें क्लब के आर्टिकल ऑफ एसोसियेशन के नियमानुसार प्रस्तावित चुनाव में भाग लेने/मतदान करने का अधिकार नही होगा।

3 केवल वे ही सदस्य, जिनके पास उपरोक्त बिन्दु संख्या 2 के अनुसार मतदान का अधिकार होगा तथा जो मान्य क्लब पहचान कार्ड (Club I.Card) अथवा उपयुक्त पहचान के साथ व्यक्तिश: स्वयं उपस्थिति होगें, क्लब के पंजीकृत कार्यालय परिसर में गुप्त मतपत्र द्वारा मतदान करने के योग्य होगे।

4 नामांकन पत्र (Nomination Form) एवं नाम वापसी पत्र क्लब के CEO के पास दिनांक 07.03.2025 से उपलब्ध होगें एवं उनसे क्लब के कार्यालय समय में नियमानुसार प्राप्त किये जा सकेंगे।

5 किसी भी पात्र सदस्य को एक से अधिक पद के लिए चुनाव लडने की अनुमति नही होगी, अन्यथा उनके सभी नामांकन पत्र निरस्त होगें। कोई भी प्रस्तावक / समर्थक पदाधिकारी (Office Bearer) के किसी भी पद के लिए एक से अधिक प्रस्ताव/समर्थन नही करेगा, इसी तरह कोई भी प्रस्तावक/समर्थक प्रबन्ध कार्यकारिणी (Executive Committee) सदस्यों हेतु दस से अधिक प्रस्ताव/समर्थन नही करेगा।

6 नाम वापसी हेतु उम्मीदवार को स्वयं व्यक्तिश: निर्वाचन अधिकारी के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

7 मतदान समाप्त होने के बाद मतपत्रों की गणना प्रारम्भ की जायेगी एवं परिणाम घोषित किये जायेगें। चुनाव के नियमों, कार्यक्रम, परिणाम के संबंध में चुनाव अधिकारी का निर्णय अन्तिम एवं बाध्यकारी होगा।

नोट- 1 सदस्यों में क्लब की 31.01.2025 तक की बकाया राशि (Club Dues up to 31.01.2025) की सूची क्लब के नोटिस बोर्ड पर दिनांक 12.02.2025 को चस्पा कर दी गई है।

2 सदस्यों द्वारा क्लब के आर्टिकल ऑफ एसोसियेशन के नियमानुसार प्रस्तावित चुनाव में भाग लेने व मतदान करने हेतु पात्र होने के लिए क्लब में अपनी बकाया राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि 02.03.2025 है।

3 चुनाव अधिकारी के कार्यालय के सभी नोटिस व सूचनाऐं क्लब के चुनाव नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जायेगी।

(अजय कुमार व्यास) निर्वाचन अधिकारी उम्मेद क्लब, जोधपुर